# कटर से वार कर समोसा कारोबारी की हत्या

### मृतक सागर नगर निगम में भी था मस्टर रोल पर कार्यरत, विवाद के दौरान बीच-बचाव में पत्नी हुई गंभीर रूप से घायल, परिजनों ने किया चक्काजाम

नवभारत न्यूज

**सागर 26 फरवरी. शहर के पुरव्याऊ स्थित गणेश मंदिर के पास हुई निर्मम हत्या ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया. नगर निगम के वाहन विभाग में मस्टर रोल पर कार्यरत और घर से समोसे का व्यवसाय करने वाले चंद्रलेश चौरसिया की कटर से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी गई. बीच-बचाव करने पहुंचीं उनकी पत्नी शशि उर्फ प्रेमबाई चौरसिया गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में जारी है.**

परिजनों के अनुसार रिश्ते का भतीजा चार-पांच साथियों के साथ घर पहुंचा. पहले कहासुनी हुई और देखते ही देखते विवाद हिंसक हो गया. आरोप है कि आरोपी ने कटर निकालकर चंद्रलेश पर ताबड़तोड़ वार किए. गंभीर रूप से घायल होकर वे गिर पड़े. पत्नी शशि ने बचाने की कोशिश की तो उन पर भी हमला किया गया. घटना के समय 12 वर्षीय बेटा घर में मौजूद था, पिता पर वार होते देख वह सहम गया और मदद के लिए चिल्लाया. पड़ोसी पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे. घायलों को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चंद्रलेश को मृत घोषित कर दिया. पत्नी को गंभीर हालत में बीएमसी रेफर किया गया. स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि आरोपी को दंपती पर टोना-टोटका करने का शक था. वहीं संपत्ति को लेकर भी परिवार में तनाव बताया जा रहा है. पुलिस दोनों पहलुओं को जांच में शामिल कर रही है.

पोस्टमार्टम के बाद परिजन और समाज के लोग आक्रोशित हो उठे. आरोपियों की गिरफ्तारी, आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग को लेकर चक्काजाम किया. प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद स्थिति सामान्य हो सकी थी.





कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है. सीएसपी ललित कश्यप ने बताया कि घटना में चार-पांच युवकों के शामिल होने की जानकारी मिली है. परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं. प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश और संपत्ति विवाद की बात सामने आई है, टोना-टोटका से जुड़े आरोपों की भी जांच की जा रही है. आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है. पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है. अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा. यह हत्याकांड पारिवारिक रंजिश की भयावह परिणति के रूप में सामने आया है, फिलहाल शहर की नजर पुलिस कार्रवाई पर टिकी है कि आरोपियों की गिरफ्तारी कब तक होती है और पीड़ित परिवार को घोषित सहायता कब मिलती है.

# विवि में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

नवभारत न्यूज

**सागर 26 फरवरी. रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय, के विज्ञान संकाय द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

अध्यक्षता कर रहे कुलगुरू प्रो. विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि विज्ञान हमारे परिवार से लेकर दैनिक जीवन में भी सम्मिलित होता है, सुबह जल्दी उठने का भी महत्त्व है जिसमें सूर्य की किरणों से ऊर्जा ग्रहण करने का विज्ञान है. न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत, आर्कमिडीज के घनत्व का सिद्धांत, वाणिज्य के मांग और पूर्ति का सिद्धांत और रजनीश आदि के तर्कपूर्ण वैज्ञानिक सिद्धांतों के साथ विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से विज्ञान के महत्व को बताया. उन्होंने कहा कि विज्ञान पीपल के पेड़ में ऑक्सीजन मानता है लेकिन धार्मिक आस्था से जोड़कर देखते हैं तो उसमें भगवान् का निवास होता है.



कुलसचिव प्रो. शक्ति जैन ने विज्ञान के शाब्दिक अर्थ को स्पष्ट करते हुए लगभग सभी समस्याओं का समाधान विज्ञान में मिल जाता है. अर्थशास्त्र भी एक विज्ञान है. विज्ञान के नियमों में परिवर्तन की गुंजाईश नहीं होती लेकिन कला के नियम परिवर्तनशील होते हैं. कला विज्ञान से आगे है, सभी के अपने-अपने नीति नियम होते हैं और सबका अपना-अपना एक विशिष्ट महत्व होता है. भौतिक विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम सिंह ने विषय प्रवर्तन में विज्ञान दिवस के महत्व और सर सीवी रमन के योगदान के बारे में अपने विचार साझा किए. परीक्षा नियंत्रक डॉ. रजनी दुबे ने दैनिक जीवन से लेकर अकादमिक जगत में विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला. इसी के साथ सहायक कुलसचिव श्री पीएल सनोडिया, डॉ. मिथलेश शरण चौबे, डॉ. पवन खटीक, डॉ. सिम्मी मोदी, डॉ. कल्पना बघेल, डॉ. शिवांगी असाटी और विद्यार्थियों में श्रुति, उज़्मा, सुमित और प्राची ने अपने विचार साझा किए. इस अवसर पर 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के उपलक्ष्य में विज्ञान संकाय के महेश, अनामिका, सृष्टि, विकास, स्वप्निल, आदित्य, कृष्णा आदि विद्यार्थियों द्वारा तैयार किये गए पोस्टर और मॉडलों का अधिकारियों ने अवलोकन किया.

# शिशुओं को मिलेगा आयरन

नवभारत न्यूज

**सागर 26 फरवरी. शिशु स्वास्थ्य के अंतर्गत दस्तक अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ जिला चिकित्सालय परिसर में किया गया.**

अभियान का शुभारंभ डॉ. नीना गिडियन, क्षेत्रीय संचालक सागर संभाग एवं डॉ. ममता तिमोरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा किया गया. यह अभियान 19 मार्च तक संपूर्ण प्रदेश एवं जिले में संचालित किया जाएगा. सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरी ने बताया कि अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के कार्यकर्ताओं द्वारा 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को विटामिन-ए अनुपूरण दिया जाएगा। साथ ही पूर्व चरण में चिन्हित एनीमिक एवं कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य प्रबंधन एवं फॉलोअप जांच की जाएगी. जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आशीष जैन ने बताया कि यूनिसेफ, एनआई, एविडेंस एक्शन एवं अन्य संस्थाओं का सहयोग रहेगा. अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम एवं वार्ड स्तर पर 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक दी जाएगी.

# बाल श्रम की कुप्रथा के उन्मूलन हेतु रैली

नवभारत न्यूज

**सागर 26 फरवरी. बाल श्रम अधिनियम के प्रावधानों को नियोजकों एवं सामान्य जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जागरूकता रैली एवं जन जागरण अभियान का आयोजन किया गया.**

रैली का शुभारंभ मकरोनिया चौराहा मकरोनिया में श्रीमती कविता लारिया, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य चंद्रप्रकाश शुक्ला द्वारा जागरूकता रथ के साथ किया गया. रैली मकरोनिया चौराहा से शुरू होकर रजाखेड़ी बजरिया पहुंची एवं रजाखेड़ी बजरिया से वापस मकरोनिया चौराहा पहुंची. रैली में उपस्थित सभी प्रतिभागियों द्वारा जागरूकता रथ के साथ बैनर, तख्तियों, पंपलेट, स्टिकर्स एवं नारों के माध्यम से सभी लोगों को बाल श्रम के दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया. महिला बाल विकास विभाग, युवा विकास मंडल एनजीओ, कृषक सेवा संघ एनजीओ, अशोका फाउंडेशन समिति एनजीओ, जन अभियान परिषद सागर नवांकुर संस्था कर्रापुर अभिनयतोष महिला बाल विकास समिति शामिल थीं.



## पंजीयन 16 तक

**सागर.** भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत रबी वर्ष के लिए खाद्य विभाग के गेहूं ई -उपार्जन पोर्टल पर चना एवं मसूर के लिए पंजीयन कार्यवाही 16 मार्च तक जारी रहेगी. गेहूँ का पंजीयन कार्य जिन 105 केंद्रों पर किया जा रहा है. पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था के तहत स्वयं के मोबाइल से एमपी किसान एप के माध्यम से ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्रों एवं सहकारी समितियों द्वारा वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं विपणन सहकारी संस्था स्तर पर उपलब्ध रहेगी.

# छात्रावासों के सीट विस्तार व सुविधाओं को लेकर मांगी जानकारी

नवभारत न्यूज

**सागर 26 फरवरी. विधानसभा के दौरान प्रश्नकाल में विधायक शैलेंद्र जैन ने जनजातीय कार्य विभाग से संबंधित अनुसूचित जाति एवं जनजाति बालक-बालिका छात्रावासों की व्यवस्थाओं, सीट विस्तार, प्रतियोगी परीक्षा प्रशिक्षण एवं रिक्त पदों को लेकर मुद्दे उठाए.**

विधायक श्री जैन ने शासन से पूछा कि क्या सागर जिले में संचालित अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रावासों की सीट क्षमता बढ़ाने की कोई योजना है तथा यदि नहीं, तो क्या इस दिशा में विचार किया जाएगा. उन्होंने छात्रावासों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी भी मांगी.

उन्होंने यह भी जानना चाहा कि जिले के किन छात्रावासों में पुस्तकालय एवं खेलकूंद मैदान जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा जिन छात्रावासों में यह व्यवस्थाएं नहीं हैं.

# सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को उपचार

नवभारत न्यूज

**सागर 26 फरवरी. जिले मे दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया गया.**

थाना राहतगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत विदिशा रोड पर पंचवटी होटल से आगे एक मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई है, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है. सूचना मिलते ही 112 कंट्रोल रूम सागर द्वारा थाना राहतगढ़ में तैनात डायल-112/एफआरवी वाहन को रवाना किया गया. आरक्षक वैभव शुक्ला एवं पायलट अभिषेक पाल ने पाया कि चालक गंभीर रूप से घायल है. जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल को एफआरवी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राहतगढ़ पहुँचाया, जहाँ उसका उपचार किया गया. थाना बंडा क्षेत्र अंतर्गत मगरा गाँव के पास मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई है, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है. आरक्षक दशरथ एवं पायलट कौशलेस पांडेय ने घायल व्यक्ति को प्राथमिक सहायता प्रदान की तथा गंभीर अवस्था को देखते हुए एफआरवी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंडा पहुँचाया गया.



# मेले में आयेंगी विभिन्न कंपनियां

नवभारत न्यूज

**सागर 26 फरवरी. युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से गढ़ाकोटा रहस मेला के अंतर्गत युवा संगम रोजगार मेला का 28 फरवरी को प्रात: 11 बजे से आयोजन किया जा रहा है.**

आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र की कई कंपनियों शामिल होंगी. कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदको का साक्षात्कार लेकर चयन किया जावेगा. सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ की जानकारी तथा ऋण उपलब्ध कराया जायेगा. आवेदको कों साक्षात्कार के लिये रोजगार कार्यालय का पंजीयन,संमग्र आई डी, दो पासपोर्ट साइज के फोटो, शैक्षणिक योग्यता संबंधी (अंकसूची) प्रमाण पत्र अपने साथ आवश्यक रूप से लाये. कंपनीयों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से विभिन्न पदों के लिये चयन किया जावेगा.

# दीवार पर पंपलेट लगाने वालों पर होगी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सागर 26 फरवरी. स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं.**

निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं. निगमायुक्त ने स्पष्ट कहा है कि शहर की स्वच्छता को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्वच्छता अधिकारी राजेश सिंह राजपूत को निर्देशित किया है कि सभी 8 जोनों के अंतर्गत आने वाले वार्डों में ज़ोन प्रभारी नियमित निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी सार्वजनिक दीवार, शासकीय भवन या पेंटिंग की गई दीवारों पर पोस्टर-पंपलेट न लगाए जाएं. यदि निरीक्षण के दौरान किसी संस्था या व्यक्ति द्वारा पोस्टर या पंपलेट लगाए जाना पाया जाता है तो संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए चालानी कार्रवाई भी की जाए.

## सागर को स्वच्छ और सुंदर बनाएं

निगमायुक्त ने कहा है कि सागर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सभी नागरिक, स्कूल, छात्र ,सामाजिक संस्थाएं एवं व्यावसायिक संगठन सक्रिय सहभागिता करें, ताकि स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में नगर को बेहतर रैंक प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर केवल प्रशासन के प्रयासों से नहीं, बल्कि जनभागीदारी से ही संभव है. सभी नागरिक सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं आदर्श बनाने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं.

# संकल्प से समाधान शिविर

नवभारत न्यूज

**बीना 26 फरवरी. मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने के लिए 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है.**

कलेक्टर संदीप जी आर ने संकल्प से समाधान के सुचारू क्रियान्वयन हेतु क्लस्टर लेवल पर शिविर आयोजित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए थे.

बीना के ग्राम बेलई में क्लस्टर स्तरीय शिविर का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें बेलई एवं आसपास के ग्रामों के आए आमजनों से उनकी समस्याओं एवं योजनाओं के लाभ प्राप्ति हेतु आवेदन लिए गए. शिविर में कुल 56 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 38 का निराकरण तत्काल किया गया. मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शासन की विभिन्न जन योजनाओं सेवाओं में हितग्राहियों को लाभ प्रदाय करने एवं शासन के समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ ग्राम पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है. पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं के लक्ष्य अनुरूप लाभ एवं शासन द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिए प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु विशेष अभियान चलाया चलाकर आवेदन प्राप्त कर एवं अग्रिम कार्यवाही त्वरित रूप से की जा रही है.

## खाद भंडारण रुपे कार्ड से ही हो सकेगा उपलब्ध

**सागर.** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सागर से संबद्ध 178 बी-पैक्स के माध्यम से सागर जिले में ऋण वितरण (खाद एवं नगद) की प्रक्रिया निरंतर जारी है। उर्वरक (खाद) का वितरण केवल रूपे कार्ड के माध्यम से ही किया जाएगा1 आगामी खाद वितरण ई-विकास प्रणाली से किया जाना तय है.

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीरज दुरेजा ने बताया कि आगामी खरीफ सीजन में अग्रिम भंडारण 31 मई तक के लिए सभी किसान अपनी समिति की बकाया राशि शीघ्र जमा करें, जिन किसानों के रूपे कार्ड जारी नहीं हुए हैं, वे अपनी नजदीकी शाखा से तत्काल बनवाएं और बी-पैक्स से समय पर खाद प्राप्त कर संभावित परेशानियों से बचें.

# जैसीनगर में खंड स्तरीय कृषि बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 26 फरवरी. कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत विकासखंड जैसीनगर में ई-विकास प्रणाली, धरती माता बचाओ अभियान, नरवाई प्रबंधन, सॉइल हेल्थ कार्ड तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु खंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया.**

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जैसीनगर एस के जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत गेहूं एवं अन्य फसलों के डंठलों (नरवाई) में आग लगाने पर प्रतिबंध की जानकारी दी1 उन्होंने बताया कि बिना स्ट्रा रीपर/स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के कंबाइन हार्वेस्टर संचालन पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. नरवाई जलाने पर प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ पॉल्यूशन एक्ट 1981 के अंतर्गत पर्यावरण क्षतिपूर्ति अर्थदंड का प्रावधान बताया गया, 2 एकड़ से कम भूमि पर 2500, 5 एकड़ तक 5000, 5 एकड़ से अधिक भूमि पर 15000 प्रति घटना दंड देय होगा. बैठक में भूसा प्रबंधन प्रणाली, स्ट्रा रीपर, सुपर सीडर, प्राकृतिक खेती, धरती माता बचाओ अभियान एवं सॉइल हेल्थ कार्ड पर चर्चा की गई. बैठक में जनपद अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह, जिला किसान मोर्चा संघ अध्यक्ष धीरज सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरनाम सिंह राजपूत, कृषि स्थायी समिति के सभापति सौरभ शुक्ला, किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन प्रदेश अध्यक्ष संदीप ठाकुर, जनपद सदस्य रामाधार सिंह, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह, कृषक अंकित गौतम, हरप्रसाद पटेल, देवेंद्र पांडे, चतुर्भुज कुर्मी आदि मौजूद थे.



# बारातियों से की गई मारपीट

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 26 फरवरी. सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पिसनारी बाग में बारातियों और स्थानीय लोगों के बीच जमकर मारपीट हो गई. विवाद घर के पास शराब पीने से मना करने पर शुरू हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया. घटना में तीन युवक घायल हो गए.**

जानकारी के अनुसार, बांसी कस्बे से एक बारात पिसनारी बाग स्थित विवाह घर में आई थी. कऊछ बाराती विवाह स्थल के पास मोहल्ले में शराब पी रहे थे1 इस पर स्थानीय लोगों ने उन्हें मना किया, जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई और मामला मारपीट तक पहुंच गया1 सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया1 मारपीट में घायल दो युवकों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया1 पुलिस बारात पक्ष के दो युवकों को पूछताछ के लिए कोतवाली ले आई1 बताया गया कि युवकों को छुड़ाने के लिए बारात में शामिल बीस से अधिक महिलाएं कोतवाली पहुंच गईं और करीब दो घंटे तक वहां मौजूद रहीं. इसी दौरान बारात घर से कोतवाली आ रहे बांसी निवासी बाराती आकाश शर्मा को रास्ते में कुछ युवकों ने रोककर फिर मारपीट कर दी, जिससे वह भी घायल हो गया. पुलिस ने पीड़ित आकाश शर्मा की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है. आरोपियों की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है.

# मजदूर संघ का विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सागर 26 फरवरी. भारतीय मजदूर संघ ने 8 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री और एवं 46 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संयुक्त महामंत्री आशीष सिंह के नेतृत्व में एसडीएम अमन मिश्रा को ज्ञापन सौंपा.**

ज्ञापन के समस्त संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कालीचरण चौराहे पर एकत्र हुए एवं सभा का आयोजन किया गया जिसमें संगठनों के पदाधिकारियों ने संगठनों की मांगों को रखकर सरकार की उदासीनता के लिए आक्रोश व्यक्त किया.



सभा को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ से प्रदेश मंत्री राकेश श्रीवास्तव, नगर पालिक निगम कर्मचारी महासंघ से दिनेश कन्नौजिया, गल्ला मंडी तुलावटी मजदूर संघ से धन प्रसाद कुशवाहा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ से श्रीमती लीला शर्मा, बिजली कर्मचारी महासंघ से पूर्व महामंत्री किशोरी लाल रैकवार, एवं रामविवेक गौतम,आऊटसोर्स बिजली कर्मचारी संघ से विजय पाराशर, वरिष्ठ नागरिक परिसंघ के संभागीय संयोजक अशोक तिवारी, बुंदेलखंड आउटसोर्स कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सोनू चुटेले, मध्यप्रदेश कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ से डा प्रदीप पाठक, प्रदीप सिंह, ऋषि तिवारी, रुद्रप्रताप सिंह मौजूद थे .

# प्राचार्य को हटाने की मांग

नवभारत न्यूज

**सागर 26 फरवरी. सांदीपनि विद्यालय एमएलबी क्रमांक 1 में पदस्थ प्राचार्य विनय दुबे और उनके रिश्तेदार माध्यमिक शिक्षक आदित्य पांडे के बीच विगत दो वर्षों से चल रहे परिवारिक विवाद के चलते शिक्षा का यह मंदिर आपसी रंजिश के चलते लड़ाई झगड़े का अड्डा बना हुआ है.**

यहां अध्ययनरत गरीब मध्यमवर्गीय परिवारों की बेटियों की शिक्षा दीक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है. युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी ने संभाग आयुक्त अनिल सुचारी को शिकायती पत्र सौंपकर प्राचार्य श्री दुबे,उच्च श्रेणी शिक्षक शीतलचंद जैन तथा माध्यमिक शिक्षक श्री पांडे के बीच हुई मारपीट तथा विवाद को लेकर कार्यवाही की मांग की है. शिकायती पत्र में श्री चौधरी ने बताया कि प्राचार्य विद्यालय में हुए विवाद के बाद लगभग 35 शिक्षकों को लेकर गोपालगंज थाना गए इस समय विद्यालय अध्यापन प्रभावित हुआ लेकिन प्रशासन द्वारा प्राचार्य तथा शिक्षकों के विरुद्ध कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है. जो चिंता का विषयक है. श्री चौधरी ने प्राचार्य तथा शिक्षक को विद्यालय से हटाने की मांग की है.

# पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में दो दिवसीय व्याख्यान

नवभारत न्यूज

**सागर 26 फरवरी. सहोद्राराय शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सागर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के तकनीकी कौशल विकास एवं रोजगार अवसरों में वृद्धि के उद्देश्य से कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय व्याख्यानमाला की श्रृंखला के प्रथम दिवस का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य डॉ. डॉ. बाय. पी. सिंह द्वारा किया गया. कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी एवं संस्था के टी.पी.ओ. डॉ. मयंक रूसिया ने कार्यक्रम में प्रकाश डाला. इंजी. प्रमेय तिवारी ने छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से जॉब-ओरिएंटेड एवं जॉब-रेडीनेस कोर्सेज का उन्नत प्रशिक्षण प्रदान किया.प्रशिक्षण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा साइंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी, सस्टेनेबिलिटी, करियर प्लानिंग तथा इंडस्ट्री की प्रोफेशनल स्किल्स पर जानकारी दी गई. पोर्टल पर विद्यार्थियों का पंजीयन कर उन्हें एडवांस कोर्सेज तक पहुंचने एवं स्वयं रजिस्ट्रेशन की संपूर्ण प्रक्रिया प्रायोगिक रूप से समझाई गई.

